हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



## खबर संक्षेप



### देवस्थल बाबा मोंहदीपाठ में नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**बालोद/निकुम।** देव स्थल बाबा मोंहदीपाठ में नवरात्र महोत्सव धूमधाम से ग्रामीणजन ने मिलजुलकर मनाया। बाजार चौक में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव में ग्राम के सरपंच सुशील लखनलाल देवांगन का परिवार आठ साल से र्वजनिक दुर्गा उत्सव में मां दुर्गा की प्रतिमा प्रदान कर रहा है। ग्राम के डॉ. देवेन्द्र साहू अष्टमी हवन कर ग्रामीणों के लिए महाभंडारा कराया। ग्राम विकास समिति मोंहदीपाठ व सार्वजनिक दुर्गा उत्सव द्वारा नवरात्र में पारपंरिक सेवा जस किया गया।

### सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति दशौंदी तालाब में देवी मां की श्रद्धालुओं ने की पूजा- अर्चना



**बालोद।** स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति दशौन्दी तालाब द्वारा 17वें वर्ष माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। पश्चिम बंगाल की तर्ज पर यहां माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती हैं। नवरात्रि पर्व की शुरुआत होते ही श्रद्धालुओं द्वारा रोज यहां पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं।







### कन्याओं को कराया गया भोज

**बालोद।** नवरात्रि की महाष्टमी के दिन जिले के तमाम देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में सुबह से लेकर देर शाम तक हवन पूजन का कार्यक्रम चलता रहा। वहीं नौ कन्या भोज कराकर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन भी किया गया। जिला मुख्यालय में जगह-जगह दुर्गा पंडालों में आयोजित भंडारा में श्रद्धालु प्रसाद पाने लंबी कतार में लगे रहे। शुक्रवार को हवन पूजन के बाद आज दिन भर ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर तक जोत जंवारा के साथ माता दुर्गा की प्रतिमाओं को जल मे समाहित किया जाएगा।

**नवरात्रि:** अष्टमी व नवमीं एक दिन होने से हुए कार्यक्रम एकसाथ

# हवन कर कन्याओं का पूजन कर कराया गया भोज

# दशहरे पर जगह-जगह आज होगा रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अष्टमी और नवमीं एक ही दिन शुक्रवार को होने के कारण जिले में शुक्रवार को हवन पूजन के साथ कई स्थानों में ज्योत जंवारा व माता की प्रतिमा को विसर्जित किया गया। शनिवार को दशमी होने के कारण एक ओर जिले में माता की प्रतिमाओं व ज्योत जंवारा को विसर्जित किया जाएग तो दूसरी तरफ शाम को रावण दहन के साथ रामलीला का आनंद उठाएंगे।

■ प्रतिमाओं व जोत जंवारा भी किए गए विसर्जित

नवरात्रि के अष्टमी पूजन के अवसर पर शुक्रवार को जिले के अधिकांश गांवों में हवन पूजन के साथ नवकन्या भोज का आयोजन समितियों, मंदिरों के साथ घरों में भी किया गया। अष्टमी और नवमीं एक ही दिन होने के कारण शनिवार को दशहरे के आयोजन की तैयारियां जोरों पर है। पारा मोहल्ला की छोटी बच्चियां सुबह से शाम तक कन्यापूजन व भोज के लिए एक घर से दूसरे घर जाती दिखीं। वहीं कई लोगों को तो माता के रूप इन कन्याओं को लाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे इंतजार करना पड़ा, जो गलियों मे देखते ही बनता था। कई जगहों पर गुरुवार को हवन पूजन कर लिया गया था।

नवरात्रि के नौ दिनों तक माता की सेवा करने के बाद जिलेवासी शुक्रवार को हवन पूजन किया गया। सुबह, शाम गांव- गलियों में इन नौ दिन सेवा गीतों के मधुर भजन से भक्त मंत्रमुग्ध हो जाते थे। सेवा मंडलियां हर समिति व मंदिरों में जाकर माता रानी के सेवागीत गाकर लोगों को माता की भक्ति में लीन कर देते थे। शुक्रवार को जिले में माता रानी की स्थापित प्रतिमाओं व ज्योत जंवारा के पास गांव के बैगा बाजे गाजे व डांग डोरी के साथ पहुंचे। बैगाओं के पहुचने पर पूरे विधि विधान से हवन का आरंभ किया गया। ग्रामीण हवन कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के लिए पहुंचे।



**रामलीला का भी होगा मंचन**

जिले मे दशहरे का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारिया जोरों पर है। गांवों में दहन के लिए रावण बनाने के साथ फायरवर्क की तैयारियां की जा रही हैं। कई गांवों में लीला मंडलियां राम नाम का प्रचार करने के लिए रावण दहन के बाद रामलीला का मंचन करने की तैयारियां कर रही है।



### नवमी पर हुआ हवन पूजन और भंडारा हुआ

**गुरूर।** कंकालिन मंदिर कनेरी में 9 दिनों तक मां कंकालिन की पूजा अर्चना के बाद नवमीं हवन पूजन किया गया। मंदिर में शाम 4 बजे हवन पूजन पंडित द्वारा मंत्रोचार के साथ किया गया। हवन पूजन पश्चात नौ कन्याओं का श्रद्धा भाव से पूजा कर कन्या भोज कराया गया एवं कुंवारी कन्याओं को चुनरी सोलह श्रृंगार अर्पण दिया गया। इसके बाद भंडारा का आयोजन हुआ।

### देवी मंदिरों में हुआ अन्या भोज

**गुण्डरदेही।** चैत्र नवरात्रि की नवमी पर देवी मंदिरों सहित भक्तों ने अपने घर पर कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान विधि–विधान पूर्वक पूजा–अर्चना के बाद कन्याओं को भोजन कराया गया। इस दौरायन देवी मंदिरों में महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किए। सुबह से ही उपासक कन्याओं को अपने घर पर बुलाकर पहले उनके पांव धोकर आदर पूर्वक आसन पर बैठाया फिर उनको भोजन कराया।



## डांग डोरा के साथ युवाओं ने गंगा तालाब में किया जंवारा विसर्जन





बालोद। जिला मुख्यालय में स्थित चंडी मंदिर में स्थापित ज्योतिकलश और जंवारा का सेवा भजन के साथ विसर्जन किया गया। डांग डोरी के साथ युवा सिर पर जंवारा लेकर पैदल विसर्जन करने गंगा सागर तालाब पहुंचे।

## शीतला मंदिर में हुआ हवन-पूजन



**गुरूर।** ग्राम मोखा में शीतला माता मंदिर क्वांर नवरात्रि पर हवन पूजन किया गया। जिसमें सरपंच ग्राम पंचायत पुष्पेंद्र कटेंद्र, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, रामचरण, ग्रामीण पटेल नेवेंद्र, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति रामस्वरूप सिन्हा, सचिव ग्राम विकास समिति काशीराम कलिहारी, सह सचिव ग्राम विकास समिति विमल कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति उदय राम ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति फागू राम नेवेंद्र, पूर्व सरपंच श्यामलाल गजेंद्र, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारीयों की उपस्थिति साथ ही ग्रामीण बैगा कोमलदेव धुर्वे व ग्राम विकास समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्य, ग्रामवासी, महिला समूह की उपस्थिति रही।

इसमें प्रमुख रूप से मीना ठाकुर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कुंती नेताम, सचिव सावित्री सिन्हा, कोषाध्यक्ष बेनबाई सिन्हाएवं समस्त सदस्यों ने प्रसाद बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किए हैं। अध्यक्ष आदर्श नवयुवक मंडल टीकम सिन्हा साथ ही आदर्श नवयुवक मंडल के सभी पदाधिकारी सभी कार्यकारिणी सदस्य की उपस्थिति कार्यक्रम में अपने–अपने सहभागिता दिए जिसमें समस्त ग्राम वासियों का सहयोग मिला।



### श्री दुर्गा मंदिर गंजपारा में हुई पूर्णाहुति भक्तों के लिए भंडारा लगाएंगे आज

**बालोद।** गंजपारा स्थित श्री दुर्गा मंदिर में दोपहर 3 बजे हवन पूर्णा आहुति दी गई। 12 अक्टूबर को सुबह 9:30 कन्यापूजन एवं कन्याभोजन श्री दुर्गा मंदिर गंजपारा में होगा। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या रुचिता तिवारी के मधुरवाणी से प्रस्तुत की गई। महादेव भवन में कथा पंडाल में ही आयोजित भजन संध्या में देर रात तक श्रद्धालुओं ने भगवान के भजन का आनंद लिया। इसके अलावा शनिवार को दोपहर 12 बजे से सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी भंडारा का आयोजन महादेव भवन में किया जाएगा।

### देवी मंदिरों, पंडालों में कन्या पूजन कर कराया गया भोज



**बालोद।** देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों के साथ घरों में भी लोगों ने नन्हीं बच्चियों को नौ कन्या भोज कराया। बच्चियों को देवी स्वरूप मानकर उन्हें तिलकर लगाकर चुनरी ओढ़ाकर और उनके पैरों में महावर लगाकर उनका पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद घर में बने पकवानों को उन्हें खिलाया गया आशीर्वाद लेकर प्रसाद का वितरण किया गया। शुक्रवार को यह सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा।



ग्राम चीचा में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित।

### भजनों पर बालिकाएं व महिलाएं ने किया जमकर किया रास गरबा





**बालोद।** संस्कार ग्रुप बालोद द्वारा राज गरबा का आयोजन लगातार तृतीय वर्ष किया गया। रास गरबा का आयोजन माहेश्वरी भवन प्रांगण में हर साल की तरह इस वर्ष भी किया गया है। नवरात्रि के महाष्टमी के दिन भजन गायिका कथा वाचक सुचिता तिवारी के भजनों की बहार छाई रही। महागरबा सुचिता तिवारी के भजनों के साथ संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित जन समुदाय ने गरबा व भजनों का जमकर आनंद लिया। दीदी ने सभी को अपने भजनों से मंत्र मुग्ध किया, गरबा खेलने आए बालिकाएं व महिलाओं ने दीदी द्वारा गए भजनों पर रास गरबा किया।

### निधन

**अरूण साहू**

**गुरूर।** सरपंच ग्राम पंचायत भानपुरी अरूण साहू का निधन हो गया है। भाजपा मंडल व परिजनों ने 13 अक्टूबर को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ग्राम भानपुरी में रखा गया है।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## देवियों की चैतन्य झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन बालोद में नवरात्रि पर आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के पांचवें दिन उद्घाटन अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, वार्ड 2 के पार्षद कमलेश सोनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष तोमन साहू, हरिश्चंद्र पटेल, लेखराज साहिरो, महेश पाठक एवं बालोद उप जेल की जेलर एस शोभारानी उपस्थित थे।

■ दर्शन लाभ लेने पहुंचे जनप्रतिनिधि

कृष्णकांत पवार ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने इस झांकी में आने में विलंब कर दी। पहले दिन से ही ऐसी सुंदर झांकी का दर्शन करना था, जिससे इन देवियों की अलौकिक ऊर्जा से मन को शांति मिल सके। पार्षद कमलेश सोनी ने कहा कि राजयोग की शिक्षा एक मात्र साधन है, जिससे हम अपने संघर्षमय जीवन को रक्षा के रूप में बदल सकते हैं। पूरे विश्व में संतुलन जो बना हुआ है वह आप सब की आध्यात्मिकता की ही देन है।

हरिश्चंद्र पटेल ने कहा जहां एक ओर मानव जीवन दुखों और संघर्षों से भरा हुआ है, वहीं दूसरी ओर इस चैतन्य झांकी एवं राजयोग के माध्यम से मानव मन में शांति फैलाने का कार्य किया जा रहा है। उप जेल बालोद की जेलर एस शोभारानी ने कहा कि इस चैतन्य झांकी में छोटी–छोटी बच्चियों की स्थिरता एवं एकाग्रता सचमुच अविश्वसनीय है, यह अनुभव मुझे बहुत ही अच्छा लगा। ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था में आने वाले सभी भाई बहने अपने घर गृहस्थ में रहते हुए अपने जीवन को दुखों एवं संघर्षों से मुक्त करने के लिए प्रति दिन एक घंटा राजयोग की पढ़ाई एवं अभ्यास करते हैं, जिसके माध्यम से घर गृहस्थ में रहते हुए भी वह अपने जीवन को शांत एवं सुचारू ढंग से चला सके। ऐसे ही यह ब्रह्माकुमारी बहने जो कि आप सभी देवी स्वरूप में देख रहे हैं, यह भी प्रतिदिन राजयोग का अभ्यास करते हैं, इसका श्रेय राजयोग की शिक्षा एवं अभ्यास को भी दिया जा सकता है, अतः मैं आप सभी भाई बहनों से निवेदन करूंगी कि आप सभी अपने गृहस्थ जीवन में रहते हुए प्रतिदिन 1 घंटे का समय निकालकर अवश्य ही इस राजयोग का अभ्यास करें एवं अपने जीवन को सफल बनाएं।



### राजयोग शिविर कल से

13 अक्टूबर से यह राजयोग शिविर प्रारंभ किया जा रहा है, जिसका समय प्रातः 8 से 9 बजे एवं संध्या 8 से 9 बजे तक होगा। कोई भी एक समय सुनिश्चित कर शहर के सभी नागरिक इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024

10 हवन कर कन्याओं का पूजन कर कराया गया भोज दशहरे ...

12 बदहाल हो रहा ब्लॉक का आदर्श मॉडल स्कूल




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में मना प्रवेशोत्सव



**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं का प्रवेश उत्सव सीनियर छात्र–छात्राओं द्वारा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अधिवक्ता व जिला मंत्री कलार समाज जिला बालोद चंद्रहास सिन्हा थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डामिनी साहू ने की। विशेष अतिथि टीसी देवांगन, के मुरारी दास, प्रोफेसर डोमेश कुमार सिन्हा, उपासना गंजीर, प्रियंका साहू, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गेश्वरी पटेल, मुरली कुमार सिन्हा आदि ने मां भारती सरस्वती माता, स्वामी विवेकानंद, भारत माता के चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नव प्रवेषित छात्र–छात्राओं का सीनियर छात्र–छात्राओं द्वारा स्वागत सत्कार किया गया, इसके पश्चात छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### सम्मेलन में कवियों ने बटोरी तालियां



**गुण्डरदेही।** रानी दुर्गावती दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक गुण्डरदेही में दुर्गा उत्सव पंडाल में आंचलिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुरुआत में कवि अशोक कुमार साहू ने छत्तीसगढ़ी और छत्तीसगढ़िया के सम्मान में कविता पाठ किया। विजय कुमार टंडन ने हर नागरिक को जागरूक होने का संदेश दिया। योगेश छत्तीसगढ़िया ने छोटे–छोटे व्यंग के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया। जलज ताम्रकार ने गजल और गीत से महफिल में समां बांधे रखा। युवा कवि दिगेंद्र साहू ने कविता के माध्यम से रचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। थानमल जैन ने प्रेम और सौहाद्र के ऊपर अपनी कविता पढ़ी। संचालन कर रहे केशव राम साहू ने मातृशक्ति के सम्मान में कविता पढ़ी। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सुरेश सोनी, दिनेश टावरी, महेश चांडक, प्रमोद जैन, अर्जुन सिंह तारम, लेखराम देवांगन, देवेंद्र राय, चमन सिन्हा, चुन्नीलाल ताम्रकार सहित नगरवासी उपस्थित थे।

### भालूकोन्हा में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम भालूकोन्हा में बड़े ही धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। इस दिन मां दुर्गा द्वारा महिषासुर का वध किया था।



मां दुर्गा ने लगातार 9 दिन तक महिषासुर और उसकी सेना से युद्ध किया था। युद्ध के दसवें दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर विजय प्राप्त की थी। इसी वजह से विजयदशमी भी कहा जाता है, इस दिन को धूमधाम से दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर ग्राम भालूकोन्हा में रावण का पुतला दहन कर बड़ी धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। जिसमें ग्राम के गुमान सिंह कोसमा, अंकालूराम, जालम सिंह, दीपक, तरुण, सरोज, संतराम, रामदेव यादव, चरण, सुंदर, सुखचैन, नसीब राम, बृजलाल, सियाराम ताराचंद जनक मनीष कुमार दिनेश्वर साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दशहरा आज, कलंगपुर की बेटियां बनेंगी राम-लक्ष्मण, करेंगी वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

ग्राम विकास समिति कलंगपुर और ग्रामीणों के तत्वावधान में विजयादशमी पर 12 अक्टूबर को रात 8 बजे से बस स्टैंड स्थित बाजार स्थल पर राज दशहरा उत्सव का आयोजन रखा गया है। जहां भगवान श्रीराम एवं राजा रावण का दल अपने अपने वेशभूषाओं से सुसज्जित होकर बाजे गाजे के साथ गलियों का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड पर पहुंचेंगे, जहां पर दोनों दलों का मंच सजा रहेगा, वहां पर दोनों दलों के बीच संवाद होगा, इसके बाद भगवान श्री रामचन्द्रजी रावण पुतला का दहन करेंगे। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष कुशल राम साहू ने बताया कि यहां विगत दो वर्षों से दशहरा उत्सव के सभी पात्रों के अभिनय का किरदारों की भूमिका यहां के बेटियां कर रही है, जो कि प्राथमिक विद्यालय से लेकर कॉलेज में पढ़ाई कर रही बेटियां हैं, जो इस दशहरा उत्सव में शामिल होकर अपनी महत्वपूर्ण किरदार की भूमिका निभा रही हैं।



## कुथरेल में रावण पुतला दहन और लोकमंच का कार्यक्रम 13 को

**अंडा।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व समिति के तत्वावधान में दुर्ग जिला के ग्राम कुथरेल में भव्य आतिशबाजी एवं पुतला दहन के साथ छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग की प्रस्तुति 13 अक्टूबर रविवार को होगी। दुर्ग जिले के ग्राम कुथरेल में आतिशबाजी व रावण पुतला देखने दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। समिति के अध्यक्ष त्रैमेश्वर चंद्राकर ने बताया कि विगत 42 वर्षों से ग्राम कुथरेल में दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाता है, क्योंकि सभी जगह दशमी को दशहरा पर्व मनाते हैं जिसके कारण हमारे गांव में एक दिन बाद दशहरा पर्व मनाया जाता है, जिसे देखने दुर्ग जिले के सभी गांव से बड़ी संख्या में लोग दशहरा पर्व में कुथरेल पहुंचते हैं जिसके लिए समिति तैयारी शुरू कर दी है ताकि आने वाले दर्शकों को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो। समिति के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने बताया कि इस बार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं अध्यक्षता केशव बंटी हरमुख उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल एवं विशेष अतिथि देवेंद्र देशमुख अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, माया बेलचंदन सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, राजश्री चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल रहेंगे।

### आक्रोश : आश्रित ग्राम होने के कारण विकास में लग रहा है ग्रहण

# देवसरा को पंचायत बनाने ग्रामीणों ने की बैठक, चुनाव का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम पंचायत देवरी द के आश्रित ग्राम देवसरा के ग्रामीणों ने स्वंतत्र पंचायत बनाने की मांग को लेकर गांव में बैठक की। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत नहीं बनेगी, तो चुनाव बहिष्कार कर विरोध जतायेंगे।

ग्रामीणों ने कहा जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों व विधायक कुंवर सिंह निषाद को ज्ञापन दिये, लेकिन कोई भी जवाब नहीं मिला है, जिसके कारण शुक्रवार को ग्रामीणों ने चौपाल लगाकर बैठक की, क्योंकि ग्राम पंचायत देवरी के आश्रित ग्राम होने से देवसरा विकास से कोसों दूर है।

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम देवसरा के ग्राम प्रमुख जागेश्वर वैष्णव ने बताया कि गांव में समस्याओं का अंबार है। वर्तमान में यह 6 वार्ड में विभाजित है, ना गलियों में सीमेंटीकरण है, न ही पानी निकासी के लिए समुचित नाली है, न ही सार्वजनिक स्थानों में साफ सफाई होती है। यहां की आबादी 1000 से ज्यादा है, फिर प्रशासन की उदासीनता के कारण स्वंतत्र पंचायत नहीं बनने से विकास के नाम पर सिर्फ ठेगा जा रहा है। इस गांव में ना तो अधिकारियो के कदम पड़े, न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के। निस्तारी तालाब में गलियों का गंदा पानी जा रहा है, उसी पानी में ग्रामीण नहाने मजबूर है। ग्राम पंचायत देवरी द में 61 ग्रामीणों का प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम और किश्त जारी हो गई है, लेकिन सिर्फ 10 ग्रामीणों का नाम देवसरा में आया है, जबकि देवरी द में कई सक्षम परिवारों का नाम पीएम आवास में आया जो कि सोचनीय व चर्चा का विषय है।



### कई बार दे चुके मांगों का ज्ञापन

ग्रामीण पालेश्वर देशमुख ने बताया कि कई बार अधिकारियों को ज्ञापन व मांग कर चुके हैं, कि देवसरा को स्वतंत्र पंचायत बनाया जाए, बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधकर बैठे होने के कारण गुस्याये ग्रामीण पंचायत नहीं बनने पर चुनाव बहिष्कार कर विरोध करेंगे। बैठक में चंदुलाल वैष्णव, खुशुब बाई, ईश्वरी मांडले, त्रिभुवन देशलहरे, पवन साहू, बिरेन्द्र साहू, रमेश साहू, तारनदास, डॉमनलाल, बीडी निमोर्ही सहित सैकड़ो ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम चायत देवरी द सरपंच नेम बाई साहू ने कहा कि देवसरा के ग्रामीण स्वंत्रत पंचायत की मांग कर रहे हैं, वहीं गांव का समुचित विकास हो यही प्रयास रहता है।

# सर्वे कार्य दिलाने के नाम पर 7 लाख की ठगी, पीड़िता ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में आडिट वीआरपी के पद पर पदस्थ महिला कर्मचारी रागनी साहू को बीएसपी के कर्मचारी ने केन्द्र सरकार के प्रोजेक्ट बायोमास एनर्जी कृषक सर्वे का कार्य दिलाने के नाम पर 3 लाख 60 हजार रुपए की ठगी की है, यही नहीं महिला के सहयोगी से भी लाखों रुपये की ठगी की है।

ठगी की शिकार महिला ने गुण्डरदेही थाना में रिपोर्ट दर्ज कराकर 7 लाख रुपए की ठगी होने की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। रागनी साहू ने बताया कि दिसम्बर 2023 में पूजा वर्मा के माध्यम से आरोपी हरधन मंडल से जान पहचान हुई थी, जो कि भिलाई दुर्ग का रहने वाला है, उसके द्वारा केन्द्र सरकार के प्रोजेक्ट बायोमास एनर्जी कृषक सर्वे दिलाने के नाम पर 3,60,000 रुपए की ठगी की है।

ग्राम सिरसिदा तहसील गुण्डरदेही की रहने वाली रागनी ने बताया कि पूजा वर्मा निवासी खैरागढ़ से मुलाकात गुण्डरदेही में एक ट्रेनिंग के दौरान हुई थी। उसने बताया कि केन्द्र सरकार का सर्वे कार्य करने वाले एक व्यक्ति को जानती हूं, जिन्हें केन्द्र सरकार से छत्तीसगढ़ के लिये प्रोजेक्ट कार्य मिला है बताया। इस दौरान पूजा वर्मा भिलाई निवासी हरधन मण्डल के पास लेकर गई और उनसे परिचय करवाया। हरधन मण्डल ने अपने आपको न्यू बाईट फ्यूचर वेलफेयर डर्वलमेंट ऑग्रनाइजेशन नाम से एनजीओ संचालित करना बताकर केन्द्र सरकार के ग्रामीण स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय के योजनातर्गत्त ग्रामीण स्वास्थ्य सर्वेक्षण प्रोजेक्ट एवं बायोमास एनर्जी कृषक सर्वे का काम दिलाने का प्रलोभन दिया। उन्होंने बताया कि उनके पास छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिये सर्वे का काम है, प्रत्येक जिले के टेंडर के लिये एडवांस राशि जमा करना पड़ता है। प्रत्येक जिले में बायोमास एनजी कृषक सर्वे प्रोजेक्ट में 30,000 लोगो का सर्वे करना हैं, प्रत्येक सर्वे कार्य के लिये 120 रुपए की दर से कुल 3,60,000 का काम आप लोगों को मिल जायेगा कहकर प्रेरित किया तथा उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक जिले में बायोमास एनर्जी कृषक सर्वे प्रोजेक्ट के लिये 1,20,000 रूपये एडवांस देना होगा। एडवांस राशि जमा होने पर 10 दिवस के भीतर वर्क ऑडर कलेक्टर, सरपंच से परमिशन लेकर विशेष ट्रेनिंग देंगे। पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## पत्नी की हत्या, आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

चरित्र संदेह कर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पति ने गमछे से गला घोटकर अपनी पत्नी की हत्या की। ग्राम चिटौद निवासी अर्जुन राम मंडावी पिता स्व. धन्नू राम मण्डावी 33 वर्ष ने घटना के बाद थाने में आत्म समर्पण कर दिया।

कोटवार मुकेश कुमार टाण्डे ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम चिटौद निवासी अर्जुन राम पिता स्व. धन्नू राम मण्डावी 33 वर्ष ने 10 अक्टूबर को करीब 11 बजे अपनी पत्नी अंजली मण्डावी की चरित्र शंका पर गला घोटकर हत्या कर दिया। पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची तो अर्जुन की पत्नी कमरे में पलंग पर मृत हालत में पड़ी थी, उसका हाथ व पैर साड़ी से बंधा था। थाना पुरूर में धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी ने घटना के बाद पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। अंजली के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।




## जु- जित्सू मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों को मिली मैट

**बालोद।** जु जित्सू मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों द्वारा लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीतकर बालोद जिले एवं छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रौशन किया जा रहा है। खेल की गतिविधियों में सुविधा बढ़ाने जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ बालोद के अध्यक्ष कमलेश सोनी द्वारा खेल विभाग को जूडो मैट की मांग लगातार की जा रही थी। खिलाड़ियों की समस्या को देखते हुए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भारत सरकार के भूतपूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव व बालोद जिला एटलेटिक्स संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता सौरभ लूनिया के प्रयासों से जू जित्सू एसोसिएशन ऑफ बालोद को खेल एवं युवा कल्याण द्वारा 32 नग जूडो मैट प्रदान किया गया। उसी की खुशी में संस्कार शाला बालोद में संचालित जु जित्सू मार्शल आर्ट क्लब के सदस्यों और खिलाड़ियों ने राकेश यादव व सौरभ लूनिया का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ़ बालोद अध्यक्ष कमलेश सोनी, महेश पाठक, प्रशिक्षक सुरेश शांडिल्य और खिलाड़ी एवं पालकगण उपस्थित थे।



## विद्यार्थियों को नहीं मिल रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ छात्रों ने प्रशासन व पुलिस को शिकायत कर समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

▪ प्रभारी प्राचार्य की छात्रों ने की शिकायत

कुछ वर्षों पूर्व तक अपने अध्यापन कार्यों, अनुशासन, बेहतर व्यवस्था व अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठता साबित करने वाला अर्जुन्दा महाविद्यालय इन दिनों प्रभारी प्राचार्य की मनमानी के चलते सुर्खियों में बना है। विवाद के चलते कई बार महाविद्यालय प्रशासन व छात्र आमने सामने हो चुके हैं।

छात्रों ने शिकायत के दौरान बताया है कि परेशानी से लगातार प्रभारी प्राचार्य को अवगत किया जाता रहा है, पर कभी भी प्रभारी प्राचार्य समस्याओं के निराकरण की ओर ध्यान न देते हुए अपने दायित्व की महज औपचारिकता ही पूरी कर रही है। कभी भी कोई भी औचक निरीक्षण करें पता चल जाएगा की जिस वाटर कूलर का पानी बच्चे पी रहे हैं। उसकी कब और किस तरीके से सफाई की गई थी, सायकिल स्टैंड अस्त व्यस्त है, विभिन्न कार्यों में लगने वाले शुल्क का कोई मापदंड नहीं है, मनचाहा शुल्क लिया जाता है और निःशुल्क सेवा पर भी शुल्क लेने की शिकायत पर प्रभारी प्राचार्य अवैध तरीके से शुल्क लेने वालों को जेब खर्च लेने की बात कहते हुए उन्हें खुला संरक्षण प्रदान करती दिखती है। आरोप है कि प्रभारी प्राचार्य के संरक्षण में ही बच्चों की जेब में डाका डाला जा रहा है। विद्यार्थियों ने यह भी कहा कि कभी भी हमारे समस्याओं के निराकरण हेतु कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। विद्यार्थियों में गुस्सा फूटने की एक वजह दो अतिथि शिक्षकों ने थाने में सूचना दी थी कि विद्यार्थियों द्वारा उनके चरित्र हनन को लेकर संदेश प्रसारित किया गया है।

### बच्चों ने दी आंदोलन की चेतावनी

इन सब समस्याओं को लेकर जब बच्चों के आंदोलित होने की खबर प्रभारी प्राचार्य को लगी तो पता चला कि प्रभारी प्राचार्य उस रोज वहां उपस्थित न होकर अतरिक्त प्रभारी प्राचार्य को महाविद्यालय की जिम्मेदारी सौंप दी। विद्यार्थियों ने तहसीलदार के साथ प्रभारी प्राचार्य व थाना प्रभारी को अपनी पीड़ा ज्ञापन सौंपकर बताते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की है। समस्या का निराकरण नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

### राज्यव्यापी साइबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान का छठवां दिन

# सोशल एप्स के साइकोलॉजिकल दुष्प्रभावों को बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्यव्यापी साइबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान के छठवें दिन बालोद पुलिस द्वारा दूरस्थ क्षेत्र ग्राम मंगचुवा, रेंगाडबरी में पहुंचकर ग्रामीणजनों को वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध के बारे में बताकर बचने के तरीक की जानकारी साझा की।

▪ शहर, ग्राम, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैण्ड, बाजार में कर रहे जागरूक

थाना, चौकी के स्टाफ लगातार शहरी, ग्रामों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलो, बस स्टैण्ड, बाजार में जाकर राज्यव्यापी साइबर जन जागरुकता पखवाड़ा अभियान के तहत आम नागरिको को जागरूक कर पाम्पलेट वितरण, बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार–प्रसार किया गया। ऑनलाइन साइबर फ्राड होने पर नेशनल साइबर काइम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट पर सेल्फ कंप्लेंट्स दर्ज करने व एक्स पर साइबर दोस्त को फालो करने के संबंध में जानकारी दी गई।




### इन थाना क्षेत्रों में हुआ आयोजित

अभियान के छठवां दिवस पर जिला मुख्यालय बालोद के थाना बालोद ग्रामसभा जगन्नाथपुर सांकरा, थाना दल्लीराजहरा ग्राम चिखलाकसा दुर्गा पंडाल, थाना महामाया महामाया मंदिर, थाना रनचिरई कलामंच ग्राम तिलोदा, थाना गुरूर ग्राम टेंगना, परपारा, नारागांव ग्रामीण पंडाल, थाना पुरूर–ग्राम अलोरी, पोंड, बोरिदकला, थाना सनौद ग्राम पलारी, थाना गुण्डरदेही ग्राम माहुद, थाना अर्जुन्दा ग्राम तिलखैरी भिलाई दुर्गा, थाना सुरेगांव कसही, गंधरी, जवरतला, थाना देवरी ग्राम राणाखुज्जी बमलेश्वरी मंदिर, थाना मंगचुवा ग्राम रेंगाडबरी बाजार चौक, थाना डौण्डी बोरगांव, ठेमाखुर्द, भरऍटोला, चौकी कंवरपरसुली दुर्गा पंडाल, चौकी संजारी ग्राम गारका, चौकी पिनकापार ग्राम महराजपुर में नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट पर सेल्फ कंप्लेंट्स दर्ज करने व एक्स पर साइबर दोस्त को फालो करने संबंध में दी गई जानकारी।

### सभी से नशा नहीं करने की अपील की

साथ ही साथ साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आम नागरिकों तथा छात्र, छात्राओं को आनलाइन फ्राड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाइन फाड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव, हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। बच्चों को मोबाइल एडिक्शन लत ऑनलाइन गेम, सोशल एप्स का अत्यधिक उपयोग करने से जो साइकोलॉजिकल तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं, जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है। ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने अपील कर जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देकर नशा नहीं करने की अपील की गई।



### खोरदो में माता रानी की मूर्ति का विसर्जन

**गुरूर।** ग्राम खोरदो में माता रानी की मूर्ति का विसर्जन आज किया गया। माता की प्रतिमा को ले जाने और विसर्जित करने के दौरान श्रद्धालु सेवागीत गाते रहे।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### घर में रखी संदूक उठा ले गया चोर



**बालोद।** रिटायर्ड कर्मचारी के घर से अज्ञात चोर ने घर में रखी पेटी को चोरी कर ले गया। पेटी में चांदी के जेवरात और करीब 15 नग साड़ी कुल कीमत करीब 28 हजार रुपए बताई जा रही है।

गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुजहगहन निवासी परसराम श्रवण व उनका परिवार 9 अक्टूबर की रात खाना खाकर अलग अलग कमरे में सो गये। अगले दिन 10 अक्टूबर को सुबह उठकर घर की साफ सफाई करते हुए देखे की पत्नी जिस कमरे में सोयी थी, उस कमरे में रखे नीले रंग का संदुक नहीं था। घर के कमरों में तथा आस पास पता तलाश किये, कोई पता नहीं चला, तब शंका हुई कि चोर रात में घर के अंदर घुसकर संदुक को चोरी कर ले गया है। संदुक में पुरानी इस्तेमाली 30 तोला चांदी एवं करीबन 15 नग साड़ी रखी थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विडंबना : आदर्श छात्रावास का सज्जा गिरा, छात्रों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया

# बदहाल हो रहा ब्लॉक का आदर्श मॉडल स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

यहां का आदर्श मॉडल स्कूल आदिवासी ब्लॉक डौंडी की पहचान थीं, लेकिन जिले के उच्च प्रबंधन अधिकारियों उदासीनता से भवन अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। आवासों के रखरखाव में लापरवाही से जनहानि की आशंका बनी हुई है। वहीं देखभाल के अभाव में सड़क से लेकर उद्यानों, भवनों तक की स्थिति खराब हो गई है। इसी परिसर में 100 सीटर आदर्श छात्रावास क्रमांक 1 संचालित था, जो दो माह पूर्व भवन सज्जा गिरने से वहां के बच्चों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 100 मीटर आगे छात्रावास क्रमांक 2 में छात्रों को शिफ्ट किया गया है।

- आवासों के रखरखाव में लापरवाही से भविष्य में हो सकती है जनहानि

### मध्यप्रदेश शासन में बना था भवन

आदिवासी ब्लाक डौंडी में मध्यप्रदेश शासन में बना आदर्श मॉडल स्कूल व टाउनशिप में 40 से 45 वर्ष पहले बने भवन व मकान अब जर्जर हो चुके हैं। इन मकानों के रखरखाव के प्रति जिला प्रशासन को गंभीरता दिखाने की जरूरत है, जो धरातल पर देखने को नहीं मिल रहा है।

निवासरत शिक्षकों को आबंटित मकान का छज्जा गिरने की स्थिति में है। आवासों में लगे पंखे और बिजली वायरिंग आज तक नहीं बदली गई है। बिजली गुल, पानी की समस्या से भी टाउनशिप में रहने वाले परेशान हैं। अनेक संगठनों की ओर से आवासों के संधारण सहित अन्य समस्या के लिए ठोस और गंभीर प्रयास करने प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया जाता रहा है, परन्तु आवासों के संधारण और रखरखाव के लिए ठेका एजेंसी तय कर रखा है।

लेकिन संधारण कार्य की अधिकारियों द्वारा सही मानिटरिंग नहीं होने से ठेका एजेंसी लीपापोती कर पूरा भुगतान प्राप्त कर रही है। आदर्श स्कूल में मरम्मत के नाम पर पूर्व में किये कार्यों की अगर जांच होगी तो वे राशि करोड़ों में जाएगी जिससे अभी तक इस परिसर को कोई लाभ नहीं मिला है।








### जंगल में तब्दील होने लगा परिसर

प्रबुद्धजनों ने बताया कि आदर्श स्कूल को फिर से बनाने की चर्चा चली थी, लेकिन जब तक बड़े अधिकारी फील्ड पर निकलकर आदर्श स्कूल व टाउनशिप का अवलोकन नहीं करेंगे तब तक मॉडल स्कूल को फिर से मॉडल बनाने की सोंच सफल होने पर संदेह बना रहेगा। मॉडल टाउनशिप में बारिश के दिनों में उगने वाली घास बढ़ने से पूरा परिसर जंगलनुमा बन गया है। वहीं जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है। सड़कें टूटी हुई है। मॉडल कैम्पस में विकास के नाम पर बनाए गए उद्यान साफ सफाई और रखरखाव नहीं होने से लोगों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। उद्यान में कचरा और पेड़ पौधों की कटाई छंटाई नहीं हो रही है।

### मुख्यमंत्री से कराउंगा अवगत : देवलाल



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने आदर्श स्कूल पर कहा कि आदिवासी ब्लॉक डौंडी सहित जिले का एकमात्र आदर्श स्कूल जो की पूर्व में बेहतर शिक्षा के लिए जाना जाता था, वर्तमान में जर्जर स्थिति की जानकारी पर मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अवगत करा इस पर जरूर अच्छा कार्य किया जायेगा।

### झाकने तक नहीं आते जिम्मेदार अफसर

इस बात की जानकारी उच्च अधिकारियों को तभी होगी, जब वे दफ्तर से निकलकर स्वयं देखेंगे। 15 -16 साल पहले बड़े अधिकारी टाउनशिप का घूम घूमकर निरीक्षण करते थे और नजर आने वाली खामियों को सुधारने अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित करते थे, लेकिन अब अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को बंद कमरे में बैठकर निर्देशित किया जा रहा है। मॉडल स्कूल कैम्पस पूरी तरह पूर्व में चार दीवारी से पैक सुरक्षित था, परन्तु वर्तमान में कैम्पस की दिवार कई जगह से टूट चुकी है। वहीं गेट भी नहीं है, जिससे सुरक्षा को लेकर भी प्रश्न चिन्ह बना है।

### सड़क भी हुई बदहाल

मॉडल टाउनशिप में सड़कों का हाल बदहाल है। जो सड़क बनाई गई है, उसमें अब तक कई जगह गड्ढे हो गए हैं। सड़क लेबल ना होकर उबड़ खाबड़ है। इसलिए प्रशासन व स्कूल प्रबंधन को सही मानिटरिंग करने की जरूरत है और संज्ञान में लेकर अधिकारियों को जांच और देखरेख करना चाहिए।

# गायत्री महायज्ञ में 150 साधकों ने डाली आहुति



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आश्विन नवरात्रि साधना पर्व के अंतिम दिवस नवमीं तिथि को गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ संचालन भोलाराम साहू, पुराणिक लाल सोरी, पवन टेभुर्ने, सेवाराम मंडावी, विरेंद्र कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में नवरात्रि पर्व में गायत्री महामंत्र की 24000 मंत्र का लघु अनुष्ठान किया गया, जिसकी पूर्णाहुति करने के लिए आसपास के लगभग 150 साधकों ने महायज्ञ में आहुति डाली। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन विरेन्द्र साहू ने नवरात्रि पर्व का जीवन में आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला।

आयोजन को सफल बनाने में गोवर्धन सिंह उर्वशा,लुनकरण ठाकुर, विशंभर बघमरिया ,प्रज्ञानंद बघमरिया, पोषण पटेल, जमुना पटेल, कौशल्या बघमरिया, बैशाखिन बघमरिया, कुमार सिंह सहारे, कुंती सहारे, नागदंत नेताम, कैलाशनाथ साहू, तुलसी साहू, मनोज कोरटिया, गोपी राम बावरे, झमुना साहू, सुमन साहू, श्रुति साहू, नोवेन्द्र साहू, पद्मिनी सोरी, विदेशी चौहान, विदेश पटेल, दुर्देशी राम प्रधान, वारुणी दिल्लीवार, राजू साहू, अनुख राम कंवर, सावित्री कंवर, चेतना, तेजेश्वरी, आत्माराम गौतम, चित्रकला मंडावी आदि का सहयोग रहा।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज




